कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

UTTARAKHAND

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांकः– 1257 /18 mg दिनांकः– 9/9/2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत तल्ला रामगढ़ रातीघाट मोटर मार्ग के किमी0 6 किमुपानी थानदेव से सैमधार के सैंम मंदिर तक मोटर मार्ग का नव निर्माण (लम्बाई 5.00 किमी0) के 3.555 हैक्टेयर वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/141441/2021)

संदर्भः– आपका पत्रांक 981/13– तल्ला रामगढ़– रातीघाट दिनांक 06.09.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर आपत्ति लगायी गयी है, जिसका बिन्दुवार निराकरण निम्नानुसार करते हुए आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

| क्रस0 | आपत्ति के बिन्दु | खण्ड का प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप भाग–1, भाग–2, भाग–3 तथा भाग–4 व 5 प्रस्ताव में संलग्न नहीं है। | महोदय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप भाग–1 में खण्ड स्तर से कार्यवाही की जानी है, जो कि प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–75 पर संलग्न है, तथा भाग–2 आपके स्तर, भाग–3 पर वन संरक्षक, भाग–4 पर नोडल अधिकार एवं भाग–5 पर कार्यवाही राज्य सरकार स्तर से की जानी है। कृपया अपने स्तर से आवश्यक प्रपत्रों पर कार्यवाही करने का कष्ट करें। |
| 2 | विषयगत प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र ग्राम हल्दयानी सिविल सोयम भूमि चयनित की गयी है। उक्त चयनित सिविल सोयम भूमि के अमल दरामद किये जोन का कोई प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं है। | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र ग्राम हल्दयानी सिविल सोयम भूमि की अमल दरामद का प्रमाण पत्र प्रस्ताव के पृष्ठ सं0 31ए में संलग्न है। |
| 3 | विषयगत प्रस्तावित मार्ग में परियोजना के निर्माण से उत्पादित मलवा निस्तारण की योजना प्रस्ताव में संलग्न की गयी है। उत्पादित मलवा किस स्थान पर निस्तारित किया जायेगा, भूमि का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। | परियोजना से निकलने वाले मलुवा का समायोजन नापभूमि पर किया गया है। नापभूमि का खातेदारों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्ताव के पृ0सं0 53 ए में संलग्न कर दिया गया है। |

अतः सूचना उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है। कृपया अपने स्तर से प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही कर प्रस्ताव को उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि वनभूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति शीघ्र प्राप्त की जा सके।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार प्रस्ताव की हार्ड प्रतियां 3 नं0 मूल में मय संलग्नकों सहित।

Recived.
9/9/2021
Madan Singh.

a/c

भवदीय

(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
नैनीताल
9/09/2021

पत्रांकः– 1257 /18 mg दिनांकः–9/9/2021

प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
नैनीताल
9/09/2021

a/c